उ0प्र0 लोक सेवा आयोग,प्रयागराज
संख्या–4(10)/ई–1/2021–22
प्रयागराज, दिनांक 13 जून, 2022

विज्ञप्ति

स्टाफ नर्स (पुरुष) (प्रा0) परीक्षा–2017 (पुनर्विज्ञापित–2022) के आधार पर मुख्य परीक्षा हेतु सफल घोषित अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आयोग की वेबसाइट https://uppsc.up.nic.in के "Home Page" पर "Fill online details for "Staff Nurse(male) (M) Exam.-2017(Re-Advertisement-2022)" पर Click करके आवश्यक सूचनाएं ऑनलाइन फार्मेट पर भरनी होंगी। सर्वप्रथम Registration no. & Basic Details (जन्म तिथि, लिंग, निवास, श्रेणी इत्यादि) दें। इसके पश्चात् "Click here to payment the required fee for Main Examination" को Click करें। इसके पश्चात् S.B.I. MOPS का पेज प्रदर्शित होगा, जिसमें भुगतान हेतु निम्न विकल्प उपलब्ध होंगेः–

(I) S.B.I. MOPS के Portal से S.B.I. अथवा 55 अन्य बैंकों में से किसी एक बैंक का चयन करना होगा ।

(II) चयन किए गए बैंक के द्वारा Debit/Credit/Net Banking के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं।

(III) उपरोक्त बिन्दु–II की सुविधा न होने पर S.B.I. का ई–चालान मुद्रित, करके नगद भुगतानद्वारा भी परीक्षा शुल्क जमा किया जा सकता है अथवा, मोबाइल बैंकिंग द्वारा 'Buddy' के माध्यम से भी किया जा सकता है ।

2–सभी स्तरों पर आनलाइन सूचनाएं भरने के पश्चात् "SAVE/SUBMIT" कर दें। आनलाइन "SAVE/SUBMIT" किये गये फार्म सेट को मुद्रित कर लें। आनलाइन फार्म सेट "SAVE/SUBMIT" करने के उपरान्त आयोग द्वारा निर्धारित समय में ही अभ्यर्थियों को यदि कोई त्रुटि प्रकाश में आती है तो उसके संशोधन हेतु केवल एक बार संशोधन (Edit) आयोग की वेबसाइट https://uppsc.up.nic.in के "Home Page" पर प्रदर्शित विकल्प Click here to "Modify online details after Submission for "Staff Nurse(male) (M) Exam.-2017(Re-Advertisement-2022)" पर क्लिक करके कर सकते हैं। उपरोक्त प्रक्रिया दिनांक **23 June 2022** तक सही–सही एवं सावधानीपूर्वक भरना सुनिश्चित करें । इसके अतिरिक्त जाति प्रमाण–पत्र, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रितों का प्रमाण–पत्र, दिव्यांगता का प्रमाण–पत्र एवं भू.पू.सै. का प्रमाण–पत्र के प्रारूप की PDF File वेबसाइट पर उपलब्ध है। **उक्त परीक्षा केवल लखनऊ जनपद में आयोजित की जाएगी।**

....2

3–ऑनलाइन भरे गये फार्म सेट (आवेदन–पत्र) को मुद्रित करके उसके साथ समस्त संलग्नकों (प्रत्येक वर्ष की अंक तालिकाओं, उपाधियों तथा अन्य सभी दावों से सम्बन्धित प्रमाण–पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियाँ) सहित एक लिफाफे में भरकर तथा उक्त लिफाफे पर मुद्रित पता पर्ची (Address Slip) चस्पा कर दिनांक **30 June 2022** को 5:00 PM अपराह्न तक अथवा उसके पूर्व सचिव, उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, (परीक्षा–5 अनुभाग), 10–कस्तूरबा गांधी मार्ग, प्रयागराज, पिन कोड नं.–211018 को पंजीकृत डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से आयोग के गेट संख्या–3 पर स्थित डाक अनुभाग के काउन्टर (पूछ–ताछ काउन्टर) पर अवश्य उपलब्ध करा दें। उक्त अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन–पत्र किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

4–इसके अतिरिक्त आरक्षण के दावे के संबंध में प्रस्तुत अभ्यर्थियों के जाति प्रमाण–पत्र डिजिटल प्रारूप में भी स्वीकार किये जायेंगे परन्तु उसके साथ निवास प्रमाण–पत्र आवश्यक है ।

13/6/22

(अरविंद कुमार मिश्र)
परीक्षा नियंत्रक।